<u>प्रेस नोट दिनांक 13.02.2025</u>
<u>थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली।</u>

<u>थाना फतेहगंज पश्चिमी #bareillypolice द्वारा मो0सा0 चोरी करने वाले व फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर मो0सा0 चलाने वाले एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद।</u>

जनपद बरेली पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान **"<u>आपरेशन खोज</u>"** के क्रम में प्रभारी निरीक्षक फतेहगंज पश्चिमी मय थाना पुलिस टीम द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के क्रम में दिनांक 11.02.2025 को मो0सा0 UP25BV-8596 को सीज किया गया था। चेकिंग के दौरान चालक द्वारा धोखाधडी से अपना नाम पता गलत बताया। जांच के दौरान मोटरसाईकिल सं0 UP25BV-8596 को ई-चालान एप के माध्यम से चेक किया गया तो चेसिस नं0 MBLHA11EWD9G38108 व इंजन नं0 HA11EFD9G39395 प्रदर्शित हो रहा था, जो मोटरसाईकिल के चेसिस नंबर से मेल नहीं खा रहा था। इसके पश्चात मोटरसाईकिल पर अंकित चेसिस नंबर MBLHA10BFFHD77477 को ई-चालान एप्प पर डालकर देखा तो मोटरसाईकिल का नंबर UP25BK-6578 आया तथा इंजन नंबर HA10ERFHD34701 प्रदर्शित हुआ, जो मोटरसाईकिल के इंजन नंबर से मेल खा रहा था। अभियुक्त द्वारा फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर गाड़ी चलाना पाया गया एवं उपरोक्त मो0सा0 चोरी की पायी गयी। जिसके सम्बन्ध में थाना फतेहगंज पश्चिमी पर मु0अ0सं0 54/25 धारा 317(2)/317(5)/318(4)/338 बीएनएस पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 13.02.2025 को रहपुरा अण्डरपास कस्वा फतेहंगज बरेली से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त रणवीर उर्फ योगेन्द्र पुत्र चुन्नी लाल निवासी ग्राम रफियाबाद थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा रहा है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>
1.रणवीर उर्फ योगेन्द्र पुत्र चुन्नी लाल निवासी ग्राम रफियाबाद थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली ।

<u>विवरण पूछताछः-</u> गिरफ्तार अभियुक्त रणवीर ने बताया कि मेरे पास जो मोटरसाईकिल थी वो चोरी की थी जिसको मेरे साथी हरेन्द्र पुत्र मोर सिंह निवासी ग्राम रफियाबाद थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली ने कस्वा फतेहगंज से चोरी किया था। जिस पर पीछे दूसरी नम्बर प्लेट लगा दी थी। गाडियों की पहचान बदलने व धोखा देने के लिये हम गाडियों की सही नम्बर प्लेट हटाकर दूसरी फर्जी नम्बर प्लेट लगा देते थे ताकि किसी को पता न चले। हम दोनो मोटरसाईकिल को चोरी करके उनकी नम्बर प्लेट बदलकर बेच देते थे।

<u>वांछित अभियुक्तः-</u>
1.हरेन्द्र पुत्र मोर सिंह निवासी ग्राम रफियाबाद थाना फतेहगंज पश्चिमी जनपद बरेली ।

<u>आपराधिक इतिहास वांछित अभियुक्त हरेन्द्रः-</u>
1.मु0अ0सं0 0091/2015 धारा 379/411 भादवि थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली ।
2.मु0अ0सं0 118/2015 धारा 411/420 भादवि व धारा 102/41 द0प्र0सं0 थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली ।
3.मु0अ0सं0 200/2015 धारा 379 भादवि थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली ।
4.मु0अ0सं0 339/2018 धारा 135 विद्युत अधि0 थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली ।
5.मु0अ0सं0 373/2024 धारा 121(1)/131/132/191(2)/324(4)/351(2)/352 बीएनएस थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली ।
6.मु0अ0सं0 54/2025 धारा 317(2)/317(5)/318(4)/338 बीएनएस थाना फतेहगंज पश्चिमी बरेली ।

<u>बरामदगीः-</u> चोरी की एक अदद मो0सा0 UP-25-BK-6578 (स्पेलन्डर रंग काला)

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>
1.प्रभारी निरीक्षक श्री प्रदीप कुमार चतुर्वेदी थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली ।
2.उ0नि0 श्री पुनीत कुमार थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली।
3.उ0नि0 श्री मांगेराम थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली।
4.हे0का0 466 पंकज कुमार थाना फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली।